# रहवासी क्षेत्र में पटाखों के भंडारण पर कार्यवाही

**खास बातें**
- रहवासी क्षेत्रों में बने गोदामों में रखे थे पटाखे
- प्रशासन ने जप्त किये कई बोरों में भरे पटाखे



नवभारत न्यूज

**सिरोंज 13 अक्टूबर, सिरोंज में रविवार को प्रशासन द्वारा रहवासी क्षेत्र में पटाखों के अवैध भंडारण पर कार्यवाही की गई. इस दौरान प्रशासन की टीम ने दो लोगों के रहवासी क्षेत्र में बने तीन गोदाम से कई बोरों में भरे पटाखे जप्त किये. इस दौरान प्रशासन की टीम द्वारा कई जगह जांच पड़ताल भी की गई.**

बीते दिनों गंजबासौदा में एक दुकान में पटाखों में आग लगने की घटना घटित हुई थी. जिसके बाद रविवार को सिरोंज में राजस्व विभाग, नगरपालिका एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा रहवासी क्षेत्र में पटाखों के अवैध भंडारण को लेकर जांच पड़ताल की गई. इस दौरान नायब तहसीलदार विकास अग्रवाल, सीएमओ रामप्रकाश साहू सहित राजस्व, नगरपालिका एवं पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की मौजूदगी में टीम ने शहर में रहवासी क्षेत्र में पटाखों के अवैध भंडारण के संभावित स्थलों की जांच पड़ताल की. वही टीम को रहवासी क्षेत्र में पटाखों का भंडारण किये जाने की जानकारी मिलने पर टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की. इस दौरान टीम ने सतखनी क्षेत्र में बने गोदाम पर पहुंचकर जांच पड़ताल की. जहां पर टीम को कई बोरों में भरे पटाखे मिले. जिसपर पटाखों के भंडारण की अनुमति के बारे में संबंधित से जानकारी एवं दस्तावेज के बारे में पूछताछ की गई. इसके बाद प्रशासन की टीम ने पटाखों को जप्त करने की कार्यवाही की. इसके बाद टीम द्वारा घेतल गली क्षेत्र में एक गोदाम पर छापा मारा गया. यहां पर भी प्रशासन की टीम को कई बोरों में भरे पटाखे मिले. इनको भी प्रशासन द्वारा जप्त करने की कार्यवाही की गई.

इस संबंध में नायब तहसीलदार विकास अग्रवाल ने बताया कि प्रशासन की टीम द्वारा रहवासी क्षेत्र में पटाखों के अवैध भंडारण को लेकर नगरपालिका, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जांच पड़ताल की गई है. इस दौरान दो लोगों के रहवासी क्षेत्र में बने तीन गोदामों में से कई बोरों में भरे पटाखे मिले. जिनके भंडारण की अनुमति के बारे में संबंधित से पूछताछ की गई है. वहीं पर्याप्त दस्तावेज न मिलने पर पटाखों को जप्त करने की कार्यवाही की गई है. उन्होंने बताया कि प्रशासन की टीम द्वारा रहवासी क्षेत्र में पटाखों के अवैध भंडारण पर लगातार कार्यवाही जारी रहेगी.

इस संबंध में सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया कि प्रशासन की टीम द्वारा रविवार को रहवासी क्षेत्र में पटाखों के अवैध भंडारण की जांच पड़ताल के दौरान दो लोगों के रहवासी क्षेत्र में बने गोदाम से टीम ने कई बोरें पटाखे जप्त किये हैं. शहर में रहवासी क्षेत्र में पटाखों के अवैध भंडारण न करने के संबंध में मुनादी कराई गई है. रहवासी क्षेत्र में पटाखों के अवैध भंडारण के बारे में प्रशासन को सूचना देने का लोगों से भी आग्रह किया है.

अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा ने बताया कि रहवासी क्षेत्र में पटाखों के अवैध भंडारण की जानकारी मिलने पर लगातार कार्यवाही की जा रही है. इस संबंध में पूर्व में भी सूचना दी गई है. रहवासी क्षेत्र में बने तीन गोदाम से प्रशासन की टीम ने रविवार को कई बोरों में भरे पटाखे जप्त किये हैं. मामले में आगामी कार्यवाही की जा रही है.

### रहवासी क्षेत्र में पटाखों के भंडारण से दुर्घटना का भय

रहवासी क्षेत्रों में पटाखों के भंडारण से दुर्घटना का भय रहता है. कई शहरों में रहवासी क्षेत्र में पटाखों में आग लगने आदि की घटनायें सामने आती है. बीते दिनों गंजबासौदा में भी एक दुकान में रखें पटाखों में आग लगने की घटना हुई थी. वहीं सिरोंज क्षेत्र में कई सकरी गलियां हैं. जहां पर फायर ब्रिगेड, वाहन आदि आसानी से नहीं पहुंच सकते है. ऐसे में इन सकरी गलियों में गोदाम बनाकर पटाखों का भंडारण किये जाने से दुर्घटना का भय बना रहता है. प्रशासन की टीम द्वारा रहवासी क्षेत्र में पटाखों के भंडारण को लेकर लगातार कार्यवाही की जा रही है.

# गंजबासौदा में फिर लगी आग

**गैस सिलेंडर लीक होने से मकान में रखी बारूद ने पकड़ी आग**

**घर में रखी सामग्री जलकर खाक**

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 13 अक्टूबर,** नानाजी वाली गली निवासी वीरेंद्र जैन बरवाई वालों के दो मंजिला मकान में गैस सिलेंडर लीक होने से बारूद ने आग पकड़ी. देखते ही देखते मकान के कमरों में धुआ के गुब्बारे उठने लगे और अंदर रखी सामग्री जलकर खाक हो गई.जैसे ही पुलिस प्रशासन को जानकारी मिली वह मौके पर पहुंचे.इसी बीच फायर ब्रिगेड भी पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया नीचे किराने की दुकान थी.उसकी सामग्री फायर ब्रिगेड के पानी से तहस-नहस हो गई.बारूद बहुत कम मात्रा में थी.दीपावली पर उपयोग करने के लिए पुलिस ने प्रकरण बनाकर जांच शुरू कर दी है.

## नेत्र शिविर में 23 को निकला मोतियाबिंद

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वाधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा स्वर्गीय श्री वासुदेव वाधवानी की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र गुड्डा वासुदेव स्वीट्स के विशेष सहयोग से हितकारिणी धर्मशाला में प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक नेत्र शिविर का नि:शुल्क कैंप आयोजित किया गया. नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर हरि प्रसाद,विदिशा सेंटर प्रतिनिधि रविंद्र रघुवंशी एवं रिसेप्शनिस्ट नीतू श्रीवास्तव ने 63 मरीजों की ओपीडी की गई इसमें से 23 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ भेजा.

# गौवंश के अवशेष मिलने पर की जांच की मांग

**अज्ञात व्यक्ति पर पुलिस ने किया मामला**



नवभारत न्यूज

**कुरवाई,** गत दिवस एक गोवंश का अवशेष नगर कुरवाई में संदिग्धअवस्था में पाया गया। पुलिस कुरवाई को मिली सूचना के आधार पर अवशेष को जप्त कर, जांच में लिया गया, टीआई पंकज गीते ने बताया कि गोवंश प्रतिषेध अधिनियम के तहत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला कायम किया गया है.घटना की जांच की जा रही है. इधर मामले में बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद की स्थानीय इकाई के द्वारा पुलिस कुरवाई से त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा की गई है.

## आनंदपुर मुरवास सहित 18 मंडलों में निकला पथ संचलन

नवभारत न्यूज

**लटेरी,** लटेरी खंड के 18 मंडलों में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का पथ संचलन संपन्न हुए.रविवार को आनंदपुर में संघ का पथ संचलन निकाला गया. आनंदपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए लगभग 200 से अधिक स्वयंसेवकों ने अनुशासन, एकता और देशभक्ति का परिचय दिया. स्वयंसेवक पारंपरिक वेशभूषा में, हाथों में दंड लेकर संघ की थाप पर कदमताल करते हुए आगे बढ़े, जिनका नगरवासियों ने जगह-जगह फूल वर्षा कर स्वागत किया.कार्यक्रम की शुरुआत संघ के विभाग प्रचारक प्रमुख शरद श्रीवास्तव के बौद्धिक से हुई. उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 27 सितंबर 1925 को नागपुर में मात्र 17 स्वयंसेवकों के साथ संघ की स्थापना हुई थी..इस अवसर पर देवेंद्र गुप्ता , संजय चौरसिया , हरिनारायण अहिरवार , आशीष शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित अनेक स्वयंसेवक और नगरवासी उपस्थित रहे.

# संस्कार की उपलब्धि से वेदांत आश्रम हुआ गौरवान्वित

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम से जुड़े संत श्री जगन्नाथदास संस्कृत विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र संस्कार शर्मा पुत्र श्री प्रदोष शर्मा ने राज्य स्तरीय बाल रंग वेद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल अपने संस्थान का नाम रोशन किया. बल्कि सम्पूर्ण नगर और जिले का मान भी बढ़ाया है.राज्य स्तर पर आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की कई जिलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें गंजबासौदा को राज्य स्तर पर प्रथम स्थान मिला. श्रीमद् जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी डॉ रामकमलाचार्य जी महाराज ने हर्ष व्यक्त करते हुए संस्कार के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की है.**वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास जी महाराज ने बताया कि आश्रम का हर विद्यार्थी भारत की सनातन परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का दायित्व निभा रहा है. विद्यार्थियों को वेद, उपनिषद, व्याकरण, दर्शन और भारतीय संस्कृति का अध्ययन विद्वान आचार्यों के द्वारा कराया जा रहा है जिसके परिणाम सामने है कि आश्रम के विद्यार्थी जिले में ही नहीं बल्कि प्रदेश स्तर की प्रतियोगिताओं में गंजबासौदा का नाम रोशन कर रहे हैं.

# कांग्रेस ने भाल बामोरा क्षेत्र में चलाया वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान

नवभारत न्यूज

**पठारी,कांग्रेस ने ,वोट चोर गद्दी छोड, कार्यक्रम के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पठारी द्वारा हस्ताक्षर अभियान पूरे मध्य प्रदेश और देश में चलाया जा रहा है इसका उद्देश्य आम जनता तक यह संदेश पहुंचाना है कि किस प्रकार भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर मतदाताओं के अधिकारों के साथ छल- धोखा कर रहे है इस पर जोर देते हुए आज पठारी ब्लॉक के ग्राम पंचायत भालबमोरा में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया.**




जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त विधानसभा प्रभारी राजेंद्र सिंह तोमर जिले के प्रभारी प्रभु सिंह ठाकुर रणधीर सिंह ठाकुर ने कहा है कि हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर करने वाले अपनी नाराजगी दर्ज कर रहे हैं एवं वोट चोर गद्दी छोड हस्ताक्षर अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं .इस हस्ताक्षर अभियान में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं जिले के प्रभारी पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी विधानसभा प्रभारी राजेंद्र सिंह तोमर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त किए गए प्रभारी रणधीर सिंह ठाकुर के साथ हस्ताक्षर अभियान के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कार्यकर्ताओं से कहा है दो दिन शेष बचे हैं दिन-रात एक करके हस्ताक्षर अभियान में जुट जाये इस कार्यक्रम में समस्त कांग्रेस परिवार के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे.

# सरपंचों के अधिकार बहाली और मानदेय वृद्धि की मांग को लेकर आंदोलन की तैयारी

नवभारत न्यूज

**सांची,अखिल भारतीय पंचायत परिषद मध्य प्रदेश सरपंच संघ की बैठक जनपद पंचायत सांची के मीटिंग हॉल में संपन्न हुई.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष अशोक सेंगर, शरद पाराशर, बद्रीदास बैरागी, अरविंद सिंह जिला अध्यक्ष, सरपंच संघ रायसेन, ब्लॉक अध्यक्ष कालूराम मीणा तथा नरेश चौधरी, बृजेश जाट, बृजेश नायक, सुप्रियर सिंह राजपूत, महेंद्र मीणा, रमेश अहिरवार, लोकेश अहिरवार, राशिद खान सहित सांची जनपद क्षेत्र के सभी सरपंच उपस्थित रहे.**



बैठक में आगामी 11 नवंबर 2025 को प्रदेश व्यापी आंदोलन की रूपरेखा तय की गई. सरपंच संघ ने निर्णय लिया कि पंचायत राज अधिनियम 1992 में सरपंचों को दिए गए अधिकारों की बहाली, सरपंचों के मानदेय में वृद्धि तथा अन्य लंबित मांगों को लेकर भोपाल में एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अशोक सेंगर ने कहा कि सरपंच गांव का प्रथम नागरिक होता है, लेकिन उसे उसके अधिकारों से वंचित किया गया है.अब समय आ गया है कि पंचायतों को उनका सम्मान और अधिकार वापस मिले.जब तक सरपंच मजबूत नहीं होगा, तब तक ग्राम पंचायत सशक्त नहीं हो सकती.सभा में यह भी कहा गया कि ग्राम पंचायत के सम्मान में सभी सरपंच मैदान में उतरेंगे। ना लोकसभा, ना विधानसभा सबसे बड़ी है ग्राम सभा. कार्यक्रम का समापन सरपंच एकता के नारों के साथ हुआ.

# आयुष्मान कार्ड बनाने पर हुआ सम्मानित

नवभारत न्यूज

**पठारी,** ग्राम पंचायत पठारी के रोजगार सहायक मुकेश जैन के द्वारा समय सीमा एवं जिले में सबसे ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाने का उत्कृष्ट कार्य करने कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है. मुकेश जैन को पहले भी कई विभागीय कार्यों को लेकर सम्मानित किया जा चुका है.इस मोके पर जिला सीईओ ओपी सिरोठिया, पंकज जैन सहित जिला प्रशासन मौजूद रहा.







